परेशानी

गंभीर स्थिति वाली महिलाओं को तत्काल प्रभाव से जिला चिकित्सालय भेजना पड़ता है

# तेंदूखेड़ा को जरुरत है महिला विशेषज्ञ डॉक्टर की

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा** एक तरफ जहां महिला सशक्तिकरण से लेकर शासन द्वारा महिलाओं के हितों को लेकर तरह तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। वहीं दूसरी तरफ लाडली बहिनें प्रसूति के समय जीवन और मृत्यु के बीच किस तरह से संघर्ष करतीं हैं उनके उपचार हेतु महिला विशेषज्ञ डाक्टर ना होने की स्थिति में गंभीर स्थिति वाली महिलाओं को तत्काल प्रभाव से जिला चिकित्सालय भेजना पड़ता है। त्वरित इलाज के अभाव में महिलाओं को कितना संघर्ष करना पड़ता है। पीड़ितों के परिवार ही बता सकतें हैं। वर्तमान में यहां पर पदस्थ महिला स्टाफ नर्सों और ठेकेदार व्यवस्था के तहत लगी दाई के माध्यम से ही काम चलाना पड़ता है।जो दिन रात सेवाओं में संलग्न देखी जाती है।





### पड़ोसी जिलों की भी आती है प्रसूतिकायें

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में औसतन साठ से सत्तर डिलेवरी यहां पर हुआ करती है। जिसमें सागर रायसेन जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्रामों के लोग भी मुख्य रुप से सुविधा की दृष्टि से यहां पर आते हैं लेकिन परेशानी जब बढ़ जाती है तब कोई महिला लाते समय गंभीर स्थिति में पहुंच जाती है ऐसे समय में महिला विशेषज्ञ डाक्टर की नितांत आवश्यकता होती है। त्वरित फिर उसे ऐम्बुलेंस बाहन सेवा से फिर साठ किलोमीटर दूर नरसिंहपुर भेजना पड़ता है। कभी कभार तो ऐम्बुलेंस बाहन सेवा आस पास हुआ करती है तो मिल जाया करती है नहीं तो काल करके उसे बुलाने से लेकर पहुंचने तक घंटों लग जाते हैं ऐसी स्थिति में प्रसूतिकाओं की गंभीर स्थिति बन जाती है। असली समस्या तो उन पीड़ित परिवारों की बनतीं है जो केवल आशा विश्वास के साथ छोटे छोटे बच्चों को साथ लेकर चले आते हैं। गंभीर स्थिति में महिलाओं को उठानें लिटाने तक में अस्पताल कर्मियों को ही परेशान होना पड़ता है।

**जनप्रतिनिधि ध्यान दें**

सोचनीय विषय तो यह बना हुआ है कि अस्सी हजार से अधिक महिलाओं के बीच एक भी महिला विशेषज्ञ डाक्टर नहीं है और यह व्यवस्था चालीस से साठ किलोमीटर के बीच कहीं भी नहीं है। महिलाओं को जबलपुर भोपाल नागपुर के अलावा नरसिंहपुर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। यहां तक की सोनोग्राफी करवाने के लिए भी नरसिंहपुर या अन्य जगह आना जाना पड़ता है। पिछले कई दशकों से यहां पर महिला विशेषज्ञ चिकित्सक की मांग चली आ रही है लेकिन इस व्यवस्था पर आज तक ध्यान नहीं दिया गया। महिलाओं ने हमारे प्रतिनिधि को बताया है कि तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला विशेषज्ञ डाक्टर की शीघ्र सुविधा उपलब्ध कराई जाये।

## विद्या, बुद्धि ,ज्ञान और सकारात्मक ऊर्जा का पर्व है वसंत पंचमी

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि बसंत पंचमी के रूप में मनाई जाती है। यह पर्व विद्या बुद्धि की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती के प्राकट्य उत्सव के रूप में आदि काल से मनाया जाने वाला सनातन मतावलंबियों का महत्वपूर्ण पर्व है। हमारे क्षेत्र के विद्वान पौरोहित्य कर्मकांड स्नातक आचार्य चतुष्टय वेदाचार्य पुराणाचार्य व्याकरण एवं ज्योतिषाचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि इस दिन सद् बुद्धि और विद्या की प्राप्ति के लिए भगवती सरस्वती का विधिवत पूजन किया जाता है।इस दिन विद्यारम्भ संस्कार के लिए बहुत ही उत्तम मुहुर्त होता है। सभी विद्यालयों में भी सरस्वती पूजा और अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। बसंत ऋतु के शुभागमन के संकेत के कारण भी इस पंचमी को बसंत पंचमी के नाम से जाना जाता है।मान्यता है कि इस दिन कामदेव का जन्म हुआ था। सुखमय दाम्पत्य जीवन और आनंद के लिए सभी सद् गृहस्थ इस दिन माता सरस्वती भगवान विष्णु और कामदेव का पूजन करते हैं।बसंत पंचमी का पर्व प्रेम दिवस के रूप में मनाने की भी परम्परा है।

# बसंत पंचमी पर निकलेगी मां नर्मदा की चुनरी यात्रा





**नवभारत/ गाडरवारा।** हम सबकी आस्था की केंद्र मां नर्मदा जी का प्रकटोत्सव पर्व जिसे सामान्यतया नर्मदा जयंती कहा जाता है हमारे क्षेत्र में यह पर्व बड़ी श्रद्धा भक्ति एवं धूमधाम से मनाया जाता है। इसी क्रम में मां नमामि नर्मदा भक्त समिति द्वारा विगत 25 वर्षों से पूर्व में भटेरा वर्तमान में ककराघाट में विशाल भंडारा, चुनरी अर्पण एवं दीपदान का आयोजन करती आ रही है। सर्व कल्याण की मनोकामना से मां नर्मदा जी विगत 12 वर्षों से नर्मदा जयंती पर्व के पूर्व बसत पंचमी पर्व पर मां नर्मदा चुनरी मनोरथ यात्रा का आयोजन होता आ रहा है। इस वर्ष यात्रा का 13 वा वर्ष है हर वर्ष बसंत पंचमी पर समिति सदस्यों द्वारा नर्मदा जी का आह्वान कर कलश में नर्मदा जल लाया जाता है जो यात्रा में मां नर्मदा जी की प्रतिमा के साथ स्थापित रहता है इस वर्ष मां नर्मदा चुनरी मनोरथ यात्रा का आयोजन दिनांक 23 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से मां नर्मदा मंदिर छिड़ाव घाट से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होती हुए मां नर्मदा मंदिर जैन मंदिर के सामने समापन एवं प्रसादी वितरण होगा। जिसके उपरांत नर्मदा जयंती के पावन पर्व पर ककराघाट में कन्याभोज एवं भंडारा प्रातः 10 बजे से,हवन पूजन, चुनरी अर्पण, दीपदान एवं महाआरती का आयोजन शाम 5 बजे रहेगा। इस अवसर पर उक्त आयोजनो में समिति के ओपी कनकने,राकेश शर्मा,राव संदीप सिंह,अवधेश रूसिया,आशीष राय ने समस्त गणमान्य नागरिकों एवं भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है।

# विद्यार्थियों का पोस्ट ऑफिस में भ्रमण

**नवभारत/ करेली।** विगत दिवस 21 जनवरी को नगर की शिक्षण संस्था कार्मेल स्कूल ने करेली के पोस्ट ऑफिस में छात्र-छात्राओं को को भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य था की पोस्ट ऑफिस किस प्रकार जन सेवा के लिए कार्य करता है। पोस्ट आफिस मास्टर के द्वारा बच्चों को बताया गया की पोस्ट ऑफिस किस तरीके से कार्य करता है कैसे लोगों के जन संदेश पहुंचता है और सुकन्या योजना के किस तरह के लाभ बच्चियों को मिलते हैं। फादर केल्विन ने कहा हमारा उद्देश्य होता है कि बच्चों को बाहर की दुनियां और सरकारी तंत्र के कार्य करने के तरीके से अवगत कर विद्यार्थियों को जीवन के लिए परिपूर्ण करें क्योंकि भविष्य में पढ़ लिखकर उनका भी सरकारी और प्राइवेट संस्थानों में पदों पर पहुंचकर काम करना है।





## रोमांचक फाइनल में मेहरा गांव ने मारी बाजी

**नवभारत/साईखेड़ा।** क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित की गई क्रिकेट प्रतियोगिता का बीते दिन भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में मेहरा गांव की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर धनलक्ष्मी रेत खदान की टीम को हराकर खिताबी जीत । खेल के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह और दर्शकों का जोश देखते ही बन रहा था। प्रतियोगिता का अंतिम मैच मेहरा गांव और धनलक्ष्मी रेत खदान के बीच खेला गया। दोनों ही टीमों ने मैदान पर पसीना बहाया, लेकिन अंततः मेहरा गांव ने बेहतर रणनीति और टीम वर्क के साथ मैच को अपने नाम कर लिया। समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना की और विजेता व उपविजेता टीमों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# गाडरवारा को स्वच्छ बनाने की पहल : नपा ने शुरू किया अभियान

**नवभारत/ गाडरवारा।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के लक्ष्यों को प्राप्त करने और शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल स्थान दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिका गाडरवारा द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष पं. शिवाकांत मिश्रा, स्वास्थ्य सभापति शुभम् राजपूत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (CMO) वैभव देशमुख के कुशल निर्देशन में शहर के सभी 24 वार्डों में नागरिकों को कचरा प्रबंधन के प्रति शिक्षित किया जा रहा है।




### चार डस्टबिन : कचरा अलग करने का सही तरीका

स्वच्छता नोडल अधिकारी सत्यम जाट के मार्गदर्शन में 'प्रयत्न एक सामाजिक विकास परिषद्' (NGO) की टीम घर-घर जाकर नागरिकों को समझा रही है कि कचरे को केवल बाहर फेंकना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे स्रोत पर ही पृथक करना अनिवार्य है। टीम द्वारा नागरिकों को चार श्रेणियों में कचरा बांटने हेतु प्रेरित किया जा रहा है गीला कचरा रसोई से निकलने वाले फल-सब्जियों के छिलके, बचा हुआ भोजन और बगीचे का कचरा। सूखा कचरा कागज, प्लास्टिक बोतलें, गत्ता, कांच, धातु के डिब्बे और थर्माकोल आदि। घरेलू हानिकारक कचरा पुराने मोबाइल, चार्जर, बैटरी, केबल, बल्ब और अन्य खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरण। सैनिटरी अपशि इस्तेमाल किए गए डायपर, नैपकिन, पट्टियां और एक्सपायर्ड दवाएं। कचरा वाहन में ही डालें कचरा अभियान के दौरान रहवासियों से विशेष अपील की गई है कि वे सड़कों या खाली भूखंडों पर कचरा फेंकने की आदत का त्याग करें। नागरिकों को बताया गया कि सही ढंग से अलग किया गया कचरा न केवल प्रसंस्करण (Processing) में आसान होता है, बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी बड़ी भूमिका निभाता है। टीम ने नागरिकों को स्पष्ट किया कि कौन सा कचरा किस रंग के बॉक्स में डालना है।

### अभियान में इनकी रही उपस्थिति

इस अभियान को सफल बनाने में नगर पालिका स्वास्थ्य शाखा प्रभारी संजय श्रीवास, स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रदीप मिश्रा, अजय वाल्मीक, पंकज पटैल, अभिषेक शुक्ला, करण घारू सहित एनजीओ टीम से आकाश सेन और सचिन सेन सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री का दौरा कार्यक्रम

**नवभारत/ गाडरवारा ।** क्षेत्रीय विधायक मध्य प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षामंत्री उदय प्रताप सिंह आज 23 जनवरी को गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। दोपहर 12 बजे केबिनेट मंत्री का रायपुर आगमन होगा वहा हायर सेकेंडरी स्कूल में अतिरिक्त कक्ष भूमिपूजन एवं नि:शुल्क सायकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1 बजे ग्राम गांगई में प्राथमिक शाला भवन लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2 बजे नगर चीचली में सीतारेवा नर्मदा जयंती मेला कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे - ग्राम उसराय में क्रिकेट प्रतियोगिता समापन पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे । शाम 4.30 बजे - सेवासदन आगमन होगा यहा पर केबिनेट मंत्री आमजनों, जनप्रतिनिधियो, भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ताओ से मुलाकात करेंगे । शाम 7 बजे पतलोन, गाडरवारा में चल रहे लक्ष्मीनारायण महायज्ञ कार्यक्रम में शामिल होंगे। 8 .45 बजे ग्राम लोलरी के प्रस्थान करेंगे ।



**एक नजर में**

### योजनाओं का लाभ लेने किया प्रेरित

**नवभारत/नरसिंहपुर।** राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन- जन तक पहुंचाने और इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले, इस उद्देश्य से ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान जिले में चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तरीय ग्रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत जरजोला एवं झिरीखुर्द में आयोजित किया। ग्रामीणों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग करने तथा नशा मुक्ति की की शपथ दिलाई गई। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा ने ग्रामवासियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ कैसे लिया जा सकता है, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम

**नवभारत/नरसिंहपुर।** उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय पी.जी. कॉलेज नरसिंहपुर में बुधवार को छात्र-छात्राओं के लिए यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न रोगों के लक्षण, उनके कारण तथा बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही पोषणयुक्त आहार अपनाने, निजी स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विशेष रूप से जोर दिया गया। विद्यार्थियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए खुलकर अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।

### दक्ष केन्द्र नरसिंहपुर में सम्पन्न हुआ एक दिवसीय अमृत रेखा एवं विभिन्न एप्स पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नवभारत/नरसिंहपुर।** अमृत रेखा मोबाइल एप एवं वेब एप तथा संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को ई-दक्ष केन्द्र नरसिंहपुर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में नगरीय निकायों में संचालित कार्यों की डिजिटल मॉनीटरिंग, डेटा अपलोडिंग एवं ऑनलाइन रिपोर्टिंग की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य फील्ड स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता को बढ़ाना तथा शहरी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना रहा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान वाटर एसेट मैपिंग एवं सीवर एसेट मैपिंग की चरणबद्ध प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया।

### नगरीय निकायों के कार्यों, योजनाओं व निर्माण कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

**नवभारत/नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्रों के वार्डों व शहरों में साफ-सफाई नियमित रूप से हो, जिससे वार्ड व शहर में साफ- सफाई नजर आए। नगरीय क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ तत्परता से मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने जिले के निगरीय निकायों में कार्यरत अमले की जानकारी ली। उन्होंने नगरीय निकायों में उपलब्ध संसाधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन- कचरा निपटान, राजस्व वसूली, पट्टा सर्वेक्षण वर्ष 2025, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 2.0- नवीन व प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के कार्यों व उपलब्धियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

## हिंदू सम्मेलन में होगा विराट कवि सम्मेलन

**नवभारत/ साईखेड़ा ।** 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर साईं खेड़ा में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन में भारत मां की आरती और हिंदुत्व पर प्रेरक उद्बोधन के साथ विराट कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें राष्ट्रभक्ति की कविताओं के साथ प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए कवि कविता पाठ करेंगे। नगर परिषद साईं खेड़ा के रामलीला मंच पर आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन में 26 जनवरी सायं 7 बजे से बरमान के ध्यान सिंह हरहर के मंच संचालन में सुनील तन्हा बुंदेली हास्य (आकाशवाणी कलाकार) करेली, विनोद सनोडिया नादान गीतकार ( नवगीत विशेषज्ञ )छिंदवाड़ा, ज्योति श्रीवास्तव (श्रृंगार रस कवियत्री) साईखेड़ा, सचिन नेमा बुंदेली हास्य (पत्नी संवाद विशेषज्ञ)गाडरवारा, विनीत बेदर्द वीररस भाग लेंगे।

## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत घुघरी में आयोजित हुआ सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में विकासखंड नरसिंहपुर अंतर्गत ग्राम घुघरी में नर्मदा तट पर ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत सेक्टर स्तरीय ग्रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं नर्मदा स्वच्छता के उद्देश्य से शंकरघाट-सांकल से घुघरी तक पंचकोशी यात्रा निकाली गई। यह यात्रा मां नर्मदा के पौराणिक, ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, भौगोलिक, आर्थिक एवं वैज्ञानिक महत्व को जानने-समझने के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद जयनारायण शर्मा ने नागरिकों एवं युवाओं को नशे से दूर रहने तथा नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने राज्य शासन द्वारा संचालित ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना तथा लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए सामूहिक सहभागिता को आवश्यक बताते हुए अधिक से अधिक नागरिकों को अभियान से जोड़ने की अपील की। इस अवसर पर पर्यावरण एवं जल संचय अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक गोटेगांव श्री प्रतीक दुबे, सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के परामर्शदाता एवं सेक्टर प्रभारी, ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी व सदस्य, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# लावारिस मिले बालक को पुलिस ने परिजनों से मिलाया



**नवभारत/ गाडरवारा।** पुलिस ने एक बार फिर मानवीय चेहरा पेश करते हुए एक मासूम बालक को उसके परिजनों से मिलवाने में सफलता हासिल की है। सोहागपुर से अपनी नानी के पीछे-पीछे बिना बताए गाडरवारा आए एक 7 वर्षीय बालक को पुलिस ने न केवल सुरक्षित खोज निकाला, बल्कि बीमार होने पर उसका इलाज कराकर उसे परिजनों के सुपुर्द किया।

### आधी रात को डायल-112 को मिली सूचना

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 21 जनवरी की रात इंदिरा कॉम्प्लेक्स गाडरवारा में एक छोटे बालक के अकेले सोए होने की सूचना डायल-112 को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात आरक्षक विश्वजीत ठाकुर एवं पायलट अंकित साहू तत्काल मौके पर पहुँचे। पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से बालक के संबंध में पूछताछ की, लेकिन देर रात तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा।

### इलाज और भोजन की व्यवस्था की

बालक की हालत काफी कमजोर थी और वह बीमार नजर आ रहा था। संवेदनशीलता दिखाते हुए पुलिस टीम ने उसे तत्काल शासकीय अस्पताल गाडरवारा में भर्ती कराया। अस्पताल में बालक के उपचार के साथ-साथ पुलिस ने उसके भोजन का प्रबंध भी किया, जिससे उसकी स्थिति में सुधार आया।

### वरिष्ठ अधिकारियों का मिला मार्गदर्शन

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक विक्रम रजक ने पूरी वस्तुस्थिति से पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया एवं एस.डी.ओ.पी. एल.एस. डागुर को अवगत कराया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बालक से मिली धुंधली जानकारियों के आधार पर परिजनों की तलाश के लिए विशेष प्रयास शुरू किए गए।

# दिल्ली ने प्रयागराज को हराकर किया ट्रॉफी पर कब्जा

## अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता विधायक कप का समापन



**नवभारत/गाडरवारा।** स्थानीय रूद्र मैदान पर लाईन्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित विधायक कप का फाइनल मैच प्रयागराज और दिल्ली के मध्य खेला गया । टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 181 रन बनाए थे जवाबी पारी खेलते हुए प्रयागराज 20 ओवर में 180 रन ही बना सकी और दिल्ली ने एक रन से मैच जीत कर विधायक कप पर कब्जा किया । फाइनल मैच में अंतिम क्षण तक रोमांच बना रहा । रुद्र मैदान पर हजारों की संख्या में दर्शको ने मैच का आनंद लिया । प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक दोनों तरह का विकास होता है। खेल हमें न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत और तनावमुक्त रखता है। खेलो से आत्मविश्वास और आत्मसम्मान भी बढ़ता है साथ ही सहयोग और टीमवर्क की भावना विकसित होती है क्षेत्र के विधायक कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिह के विशेष सहयोग और प्रयास से गाडरवारा में अखिल भारतीय स्तर के खेल आयोजन लगातार हो रहे हैं लाईन्स क्रिकेट क्लब गाडरवारा भी बधाई की पात्र है जिसमे क्रिकेट के सफल महाकुंभ का आयोजन किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है, जहां हर गेंद पर कुछ भी हो सकता है। हार-जीत तो क्रिकेट का हिस्सा है, लेकिन खेल की भावना और खिलाड़ियों का प्रदर्शन ही सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है दिल्ली और प्रयागराज की टीम के खिलाड़ियों ने रुद्र मैदान पर बहुत ही अच्छा खेल का प्रदर्शन । आने वाले समय में रुद्र मैदान पर स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह के द्वारा और भी विकास कराया जाएगा ।

**प्रतियोगिता को सफल बनाया**

आयोजन समिति के युवाओं ने काफी मेहनत करके इस प्रतियोगिता को सफल बनाया है । कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक ने संबोधित करते हुए कहा खेल भावना ही क्रिकेट की आत्मा है। क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है, बल्कि यह एक भावना है जो हमें हार-जीत के साथ-साथ सम्मान, मित्रता की शिक्षा देती है। गाडरवारा में अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में बड़ी बड़ी टीम आई और दर्शकों ने अच्छी क्रिकेट का आनंद लिया । क्रिकेट खेल ऐसा है जो एक गेंद पर छक्का या आउट से मैच का रूख बदल देता है आयोजन समिति को बहुत-बहुत बधाई जिन्होंने गाडरवारा में लेदर वाल क्रिकेट को बरकरार रखा है ।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**नवभारत/नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में गर्भवती स्त्री के पंजीयन एवं एनीमिया को कम करने और एनीमिया के ईलाज को शतप्रतिशत सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिन सीएचओ का कार्य कम पाया गया, उनका एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए।

**न्यायालय कलेक्टर जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**
नरसिंह भवन, नरसिंहपुर 487001 फोन नं. 07792230900 फैक्स नं. - 07792230915
E-mail : dmnarsinghpur@nic.in website : www.nic.narsinghpur.in
क्रमांक/439/36/अपील/25-26/प्र.कले./2026 नरसिहपुर,दिनांक 15/01/2026

**विज्ञापन**

(अंतर्गत आदेश 5 नियम 20(11)अधिनियम प्रक्रिया संहिता 1908)

इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0036/अपील/2025-26, पक्षकार रामगोपाल आ.बारेलाल बाढ़ई बनाम सुलभ बाढ़ई वगैरह, मौजा-गगनवाड़ा, प.ह.नं.133, तहसील-गाडरवारा, जिला-नरसिंहपुर(म.प्र.) में रामगोपाल आ.बारेलाल बाढ़ई, निवासी-गगनधाड़ा, तहसील गाडरवारा द्वारा प्रस्तुत अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) गाडरवारा के राजस्व प्रकरण क्र.160/ब-121 वर्ष 2022/23 में पारित आदेश दिनांक 05/04/2025 के विरूद्ध म.प्र. भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 44(1) के अंतर्गत अपील प्रकरण विचाराधीन है। उपरोक्त प्रकरण मैं विनोद बाई पिता दीनानाथ कौरव, विनयकांत पिता देवेन्द्र कौरव एवं देवेन्द्र पिता रामकुमार कौरव, सभी निवासी-गगनवाड़ा, तहसील, गाड़रवारा, जिला नरसिंहपुर हाल मु. अवध बाटिका, मकान नं.139, इंदौर, तहसील व जिला इंदौर (म.प्र.) को इस विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाला है कि वे उपरोक्त प्रकरण में पैशी दिनांक 10 फरवरी 2026, दिन मंगलवार को इस न्यायालय में अप. 3.00 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं।

कलेक्टर
जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)